उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
UTTAR PRADESH GRAMIN BANK
(सरकार के स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक)
(Scheduled Bank Owned by Government)

## महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना

भारत सरकार के असाधारण राजपत्र अधिसूचना संख्या **CG-DL-E-07042025-262329** दिनांक 07 अप्रैल 2025 (भाग 35) के अनुसार, तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों – **पूर्ववर्ती बड़ौदा यू.पी. बैंक** (प्रायोजक: बैंक ऑफ बड़ौदा), **पूर्ववर्ती आर्यावर्त बैंक** (प्रायोजक: बैंक ऑफ इंडिया), **पूर्ववर्ती प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक** (प्रायोजक: पंजाब नैशनल बैंक) को मिलाकर एक नई इकाई **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** बनाया गया है, जिसे 01 मई 2025 से बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है।

**पूर्ववर्ती प्रथमा यू० पी० ग्रामीण बैंक** एवं **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** का तकनीकी एकीकरण दिनांक **01-10-2025** से दिनांक **04-10-2025** तक होना निर्धारित है। अतः शाखाओं और प्रणालियों के सुचारू समानीकरण को सुनिश्चित करने हेतु, **पूर्ववर्ती प्रथमा यू० पी० ग्रामीण बैंक** एवं **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** की शाखाओं में दिनांक **03-10-2025** एवं दिनांक **04-10-2025** को लेनदेन का कार्य बाधित रहेगा एवं :-

- **पूर्ववर्ती प्रथमा यू० पी० ग्रामीण बैंक** के ग्राहकों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (**ATM, UPI, AEPS, मोबाइल बैंकिंग एवं इंटरनेट बैंकिंग आदि )** तथा ग्राहक सेवा केंद्र सम्बन्धी सेवायें दिनांक **01-10-2025 से 05-10-2025** तक उपलब्ध नहीं रहेंगी।
- **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** के ग्राहकों के लिए **इंटरनेट बैंकिंग एवं AEPS** सम्बन्धी सेवायें दिनांक **01-10-2025 को सायं 5:00 बजे से** दिनांक **05-10-2025** तक उपलब्ध नहीं रहेंगी।

हम **पूर्ववर्ती प्रथमा यू० पी० ग्रामीण** के ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि तकनीकी एकीकरण के पश्चात दिनांक **06-10-2025** से :-

- यूपीआई सेवाओं के लिए, किसी भी आधिकारिक यूपीआई ऐप पर **आधार नंबर या डेबिट कार्ड** का प्रयोग कर पुनः पंजीकरण करें और यूपीआई पिन सेट करें।
- समस्त डिजिटल लेनदेन हेतु अपने पुराने **IFSC** के स्थान पर नए **IFSC : BARB0BUPGBX** का प्रयोग करें |
- अपने डेबिट कार्ड को पुनः **बैंक ऑफ़ बड़ौदा या उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के ए० टी० एम० पर सक्रिय करें** एवं **ग्रीन पिन** का प्रयोग कर ए० टी० एम० पिन सेट करें |
- **मोबाइल बैंकिंग के सक्रिय ग्राहक** गूगल प्लेस्टोर से **"UPGB M-Tarang" App** डाउनलोड कर, अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त **One Time Activation Code** का प्रयोग कर मोबाइल बैंकिंग सक्रिय करें।
- जो ग्राहक **मोबाइल बैंकिंग** एवं **इंटरनेट बैंकिंग** का प्रयोग नहीं कर रहे हैं कृपया अपने मोबाइल संख्या एवं आधिकारिक ईमेल आईडी शाखा में दर्ज कराएँ ताकि भविष्य में **मोबाइल बैंकिंग एवं इंटरनेट बैंकिंग** की सुविधाओं का लाभ ले सकें |

**अधिक जानकारी हेतु**

- वेबसाइट: **www.upgb.bank.in** पर दी गयी सूचना का सन्दर्भ ग्रहण करें |
- हेल्पलाइन नं.: 1800-180-0225 , 1800-102-0304 , 1800-180-7777 (प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक, सभी कार्य दिवसों में)
- अथवा अपनी निकटतम शाखा से संपर्क करें।

**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** अपने सभी सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध करता है, कि तकनीकी एकीकरण के नाम पर प्राप्त होने वाली किसी भी **फ़ोनकॉल/ईमेल/SMS** के सापेक्ष अपनी कोई व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग सम्बन्धी जानकारी साझा न करें |

**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव तरीके से सेवा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

**स्थान: लखनऊ**
**महाप्रबंधक**